# नागरिको को स्वच्छता से जोड़ने पावर हाउस मार्केट क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई

भिलाईनगर। आज नगर पालिक निगम भिलाई के पावर हाउस सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, सब्जी मार्केट आदि स्थानों पर प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 चल रहा है, जिसके तहत भिलाई शहर को साफ–सुथरा बनाने निगम के सभी अधिकारी, कर्मचारी युद्व स्तर पर मैदानी क्षेत्रों में कार्य कर रहे है। प्रायः यह देखने में आ रहा है कि सिंगलयूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है। उसके बाद भी दुकानदारों, फल ठेला, कपड़ा व्यापारी, सब्जी बेचने वाले प्लास्टिक का उपयोग कर रहे है। उसी प्लास्टिक में सामग्री डालकर ग्राहको को बेचा जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किए है कि भिलाई के प्रमुख जगहो पर जहां दुकान, फल ठेला, सब्जी बेचने वाले है। उनको सिंगलयूज प्लास्टिक मुक्त अभियान से जागरूक किया जावे। इसी तारतम्य में आज पावर हाउस के सभी मार्केट क्षेत्रों में रैली निकाला गया। जिससे ग्राहकों को भी इसकी जानकारी मिले कि प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित है। यह हमारे एवं पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक होता है। इससे बिमारी फैलने एवं जानवरों की मृत्यु का कारण बनता है। जाकरूकता रैली से नागरिकों को यह सिख मिलेगी कि ग्राहक अपने घर से ही थैला लेकर निकले और उसी में जो भी सामग्री खरीदे उसे डालकर अपने साथ घर लेकर जावें। जागरूकता रैली में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, डेंगू मलेरिया टीम से सुदामा परगनिया, स्वच्छता निरीक्षक यादव, स्वच्छ भारत मिशन पीआईयू अभिनव ठोकने, शुभम पाटनी, उड़ान संस्था के अध्यक्ष अंजू साहू एवं उनके टीम, हेम कुमार, दुकालू, राजेश कुमार डहरे, सुपरवाइजर यश कुमार, मनीष आदि उपस्थित रहे।

